वर्ष 1 - अंक 3
शुक्रवार 15 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



# शासकीय भूमि पर अपना हक जमाए बैठे हैं..

# भू माफिया मोहन पहवानी

## पहवानी के खिलाफ की गई कलेक्टर कार्यालय में शिकायत

## क्षेत्र पटवारी को मौखिक शिकायत की परन्तु कोई कारवाही नही

भूमाफिया मोहन पहवानी



आदित्य शर्मा


इंदौर। इंदौर के समीप ग्राम सिंहासा के आईटी पार्क के पास भूमाफिया मोहन पहवानी द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा हे जिसको ग्राम पंचायत सिंहासा द्वारा दो बार नोटिस दिया गया की आप के द्वारा किया गया अवैध कब्जा उसे हटा लिया जाए परन्तु मोहन पहवानी को उन नोटिसों का कोई असर नहीं हुआ ।

उनके द्वारा वो अवैध निर्माण नहीं हटाया गया एवं वही क्षेत्र के पटवारी को भी इसकी शिकायत मौखिक की गई परन्तु पटवारी द्वारा भी इसे संज्ञान में नहीं लिया गया एवं न ही मौके का मुआवना किया गया। इस तत् पश्चात इसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की गई हे विगत कई महीनों से पंचायत द्वारा मोहन पहवानी को नोटिस दिया जा रहा था परन्तु मोहन पहवानी ने अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया।


## तो क्या इस बात से ये समझा जाए



मोहन पहवानी जैसे भूमाफिया प्रशासन से ऊपर हो गए क्या उनको प्रशासन का खौफ नहीं या ऐसे ही भूमाफिया सरकारी जमीन अपना आशियाना बनाते रहेंगे।



कलेक्टर कार्यालय में शिकायत



मध्य प्रदेश कम्प्यूटरीकृत भू-अभिलेख

फार्म पी-II
खसरा

ग्राम: सिंहासा | हल्का: सिंहासा | रा.नि.म.: सिरपुर | जिला: इन्दौर | वर्ष: 2024-2025

धार्मिक नगरी में 2028 में लगने वाले महाकुंभ (सिंहस्थ) की पुलिस ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है, सिंहस्थ को लेकर डीजीपी ने बड़ी बैठक ली,





# पुलिस ने शुरू की
# सिंहस्थ 2028 की तैयारियां

**डीजीपी ने बैठक कर अधिकारियों से मांगे सुझाव और दिए ये निर्देश**

**उज्जैन।** इस बैठक में उन पुलिस अफसरों से सुझाव लिए गए जो बीते सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में पदस्थ रहे,पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने बुधवार (13 नवंबर) को पुलिस मुख्यालय भोपाल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में उज्जैन आईजी और एसपी भी उपस्थित रहे, बैठक में विशेष रूप से सरबजीत सिंह सेवानिवृत्त विशेष पुलिस महानिदेशक ने अनुभव साझा किए वो सिंहस्थ-2004 में आईजी उज्जैन और सिंहस्थ 2016 में विशेष पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस के पद पर रहे।

वहीं उपेन्द्र जैन विशेष पुलिस महानिदेशक जो कि सिंहस्थ 2004 में उज्जैन एसपी रहे, मनोहर वर्मा सेवानिवृत्त आईपीएस जो कि सिंहस्थ 2016 में एसपी उज्जैन ने अपने अनुभव साझा किए, डीजीपी सक्सेना ने कहा, उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ महाकुंभ 2028 विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन होगा। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन इस दौरान होगा। ऐसे में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम भी इसके अनुकूल हों उन्होंने कहा, क्राउड कंट्रोल और क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम बहुत ही सुदृढ़ होना चाहिए. क्राइम कंट्रोल, एंटी नेशनल एलिमेंट कंट्रोल और टेररिस्ट गतिविधियों पर सजग निगाहें रखना जरूरी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी व्यक्तियों की लगातार संचार व्यवस्था और अन्य विभागों से भी अच्छा संचार और समन्वय होना जरूरी है. ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था और 24/7 मॉनिटरिंग के लिए डेडिकेटेड कर्मचारी होने बहुत जरुरी हैं।

## डीजीपी ने इन बिंदुओं पर की चर्चा

डीजीपी ने कहा, इस बार सिंहस्थ में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं, मेले की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया जाए, इसके साथ ही मेला क्षेत्र में मोबाइल पुलिस चौकियां स्थापित की जाए। पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस गश्त रहेगी और एंटीटेरर स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते को भी तैनात किया जाए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष दल तैनात किए जाएं, पुलिस और अन्य विभागों के बीच निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए एडवांस वायरलेस सिस्टम और कमांड सेंटर का उपयोग किया जाए, डीजीपी ने कहा, किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें हर समय तैयार रखें, बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। इनके लिए विशेष सहायता केंद्र और मेला क्षेत्र में नजदीकी पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, सिंहस्थ मेला क्षेत्र को विभिन्न जोन और सेक्टर में विभाजित किया जाए। हर सेक्टर में एक प्रभारी अधिकारी तैनात होगा, जो सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी करेगा।

## ट्रैफिक व्यवस्था

डीजीपी ने कहा, इस बार ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न रूट प्लान बनाए जाएं. उज्जैन के नजदीकी जिलों को भी ट्रैफिक प्लान में सम्मिलित कर विस्तृत प्लान बनाएं. मेला क्षेत्र में वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ाई जाएगी और सिटी बसों के साथ-साथ ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की जाएगी।

श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए मुख्य मार्गों पर सूचना केंद्र बनाए जाएंगे और रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन भी उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है, उज्जैन के बाहरी क्षेत्रों में भी रेलवे स्टेशन तथा नजदीकी जिलों में भी व्यापक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

## विशेष प्रबंध

पुलिस प्रशासन इस बार सिंहस्थ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा, जो 24/7 सक्रिय रहेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष हेल्पडेस्क और बाल सुरक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई जाए, इसके अलावा भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों को भी शामिल किया जाए।

बैठक में उपस्थित सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों ने अपनी-अपनी शाखाओं की सिंहस्थ की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, डीजीपी ने कहा, उज्जैन पुलिस से समन्वय कर सभी शाखाएं अपनी विस्तृत कार्य योजना बनाकर 15 दिन में पेश करें।

# मुख्यमंत्री आज

## शहडोल जिले के प्रवास पर

**जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में निभाएंगे सहभागिता**



रंणजीत टाईम्स

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवम्बर को प्रातः 9 बजे वायुयान द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 9.35 बजे जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा प्रातः 9:40 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से हैलीकैप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:20 बजे शहडोल के जमुई हैलीपैड पहुचेंगे। मुख्यमंत्री प्रातः 10.25 जमुई हैलीपैड से कार द्वारा प्रस्थान कर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता निभाएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 1.40 बजे जमुई हैलीपैड से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।



मैकल परिक्रमा पर्वतराज अमरकंटक की गणेश धुना माई बगिया

# आज से होगी शुरुआत

रंणजीत टाईम्स

अमरकंटक। मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक से मैकल परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा दिन आज शुक्रवार गणेश धुना माई की बगिया में सुबह पूजा अर्चना कर सप्त दिवसीय मैकल परिक्रमा पर्वतराज अमरकंटक की परिक्रमा का संकल्प लें कर सैकड़ों लोग पैदल , भजन कीर्तन , राम धुन करते हुए सुबह 10 बजे गणेश धुना महंत श्री स्वामी भगवान दास जी के निर्देशन और संयोजक में प्रारंभ कर दिया जायेगा ।

### यात्रा के संरक्षक परमहंस संत श्री स्वामी सीताराम जी महाराज होंगे ।

यह परिक्रमा 100 कि.मी. की बताई जा रही जो नर्मदा पुराण में वर्णित है । स्वामी भगवान दास जी बताते है की यह पर्वतराज अमरकंटक तीनो लोको में प्रसिद्ध है एवम् करोड़ों देवी देवता निवास करते है तथा हजारों ऋषि मुनियों की यह तपस्थली है अतः यह पुण्यप्रद है।

जो पर्वतराज अमरकंटक मैकल की परिक्रमा श्रद्धापूर्वक करता है वह सम्पूर्ण पृथ्वी की परिक्रमा का पुण्य प्राप्त कर लेता है। यह परिक्रमा से मनुष्य के कायिक , वाचिक और मानसिक तीनो पाप नष्ट हो जाते है ऐसा भगवान शंकर ने कहा है । इसकी परिक्रमा कर भगवान शंकर और मां नर्मदा जी की कृपा प्राप्त कर सकते है ।

### परिक्रमा मार्ग

गणेश धुना माई की बगिया से सुबह दस बजे प्रारंभ होकर प्रथम रात्रि विश्राम जगतपुर (करंजिया) , दूसरा जोगी कुंड नर्मदा घाट (खन्नात) , तीसरा जालेश्वर धाम (अमरकंटक) ,चौथा पकरिया (गौरेला छ ग) , पांचवा माई मड़वा (थाड़ पथरा छ ग) , छटा आमाडोभ (केंवची छ ग) , सप्तम गणेश धुना अमरकंटक में पहुंच पूजन , कन्या भोज बाद समाप्त होगा। यह परिक्रमा 15 से 21 सैकड़ों साधु संत और भक्तगण संकीर्तन करते परिक्रमा मार्ग पर पैदल चलेंगे । इसके आयोजक मां नर्मदा मैकल परिक्रमा समिति भारतवर्ष ,श्री श्री 1008 श्री रामनाथ शरण बड़ा दरबार मैहर , अजय साहू गाड़ासरई , छोटे राव साहब जबलपुर , कैलाश नाथ शर्मा जोधपुर , पप्पू सिंह तोमर अमरहा शहडोल , संपत पारिल सांवा सतारा महाराष्ट्र और मुख्य पंडित आकाश द्विवेदी अमरकंटक परिक्रमा साथ रहेंगे ।



## सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिजन को

# 12,19,400 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिलवाई

रंणजीत टाईम्स

### दुर्घटना मे आई चोंटो के कारण मृत्यु के मामले मे आवेदकगण को सहायता राशी

**शुजालपुर।** दिनांक 17.12.2023 को आवेदक नारायणसिंह का पुत्र शिवराज अपनी मोटरसाइकल से कालापीपल से अपने गांव शेरपुरा जा रहा था, जैसे ही दोपहर 3:30 बजे गजराजसिंह मेवाडा के खेत के सामने ग्राम भरदी पहुंचा कि तभी सामने से ट्रेक्टर कमांक एम.पी.42 ए. सी.1457 के चालक राकेश द्वारा वाहन ट्रेक्टर को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक शिवराज की मोटर सायकल मे टक्कर मार दी, जिससे मृतक को गंभीर स्वरूप की चोंटे आई, तथा उसकी मृत्यु हो गई, जिसका क्षतिपूर्ति दावा महाजनसिंह परमार, राजपालसिंह राजपूत एडव्होकेट्स द्वारा माननीय सदस्य महोदय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर श्रीमान इरशाद अहमद साहब के समक्ष प्रस्तुत किया था।



### महाजनसिंह परमार राजपालसिंह राजपूत एडव्होकेट्स के तर्क से सहमत होकर

माननीय न्यायालय द्वारा मृतक के वारिसान नारायणसिंह आदि को बीमा कम्पनी से 12,19,400/- रूपये दिलाये जाने का आदेश पारित किया एवं आवेदन प्रस्तुती दिनांक से 7% प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिलाये जाने का भी आदेश पारित किया।

# सुहानी ठंड के बीच प्रदूषण बढ़ा रहा टेंशन !



**मप्र।** सर्दी का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है, इस सीजन में पहली बार रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे लुढ़का है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का तापमान 9.5 डिग्री दर्ज किया गया, मौसम विभाग का मानना है कि एक दिन बाद यानी 15 नवंबर से मौसम में सर्द हवाएं चल सकती हैं, जिससे सर्दी में इजाफा होगा, मौसम विभाग ने बताया कि हिमालय की तरफ से वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी देखी गई है, जिसका प्रभाव मध्य प्रदेश के कई शहरों पर देखने को मिल सकता है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा है इसके अलावा मंडला में 12, शहडोल-अमरकंटक में 12.7, शाजापुर में 12.8, बैतूल में 13.4, मलाजखंड में 14.2, राजगढ़ में 14.0, सीधी में 14.0, उमरिया में 14.1 और छिंदवाड़ा में 14.4 तापमान दर्ज किया गया है।

# असम के दरंग जिले में समीक्षा बैठक में उपस्थित मंत्री केशव महंत



**रंणजीत टाईम्स**

असम के दरंग जिले के संरक्षक मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री केशव महंत आज मंगलदोई पहुंचे और जिला आयुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दरंग -उदालगुड़ी के सांसद दिलीप कुमार सैकिया, सिपाझार निर्वाचन क्षेत्र के विधायक डॉ. परमानंद राजबंशी, मंगलदोई निर्वाचन क्षेत्र के विधायक बसंत दास, दलगांव निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मजीबुर रहमान ने भाग लिया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिला आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और सभी विभागाध्यक्षों से जिले को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासित और प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का आग्रह किया। मंत्री ने जल जीवन योजना, असम राज्य विद्युत बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व संग्रह में संबंधित विभागों द्वारा उठाए जाने वाले विभिन्न कदमों की समीक्षा की। मंत्री ने दरंग की विरासत और संस्कृति के संरक्षण और सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। आज की समीक्षा बैठक में दरंग जिले के जिला आयुक्त पराग कुमार काकती, पुलिस अधीक्षक प्रकाश सोनोवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मानस दास, जिला विकास आयुक्त देबजीत बरुआ, जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

# काल भैरव अष्टमी महापर्व पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

## कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**रंणजीत टाईम्स**

**श्री घोड़ा पछाड़ भैरव पर अगहन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी काल भैरव अष्टमी महापर्व पर आयोजित होने वाले भंडारा उत्सव मनाने के लिए मंदिर समिति तथा वरिष्ठजनों की बैठक का आयोजन किया गया तथा महात्मा गांधी मार्ग पर कार्यालय का विधिवत शुभारंभ पूजापाठ के साथ हुआ। बैठक में काल भैरव अष्टमी महापर्व मनाये जानें तथा होने वाले विशाल भंडारा महाप्रसादी के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें सभी उपस्थित वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं समिति के पदाधिकारीयों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपनें विचार रखे गये। काल भैरव अष्टमी महापर्व की पूर्व संध्या दिनांक 22 नवंबर को रुद्राभिषेक, रात्री मे भव्य श्रंगार, 23 नवंबर प्रात 10 बजे ध्वज चल समारोह , प्रात 11 बजे से यज्ञ देव पूजन साय 4 :30 बजे पूर्णाहुति महाआरती के बाद विशाल भण्ड़ारा भोजन महाप्रसादी के आयोजन को हर्षोल्लास के साथ मनाने के साथ ही इस अवसर पर होनें वालें सभी प्रकार के आयोजनों के लिये सहमती हुई। ज्ञात हो कि क्षेत्र का पहला भण्ड़ारा है जहॉ पर हर साल होनें वाले इस विशाल भण्ड़ारे में लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्वालुजनों के द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की जाती है।**

# सोयाबीन के कम भाव को लेकर कालापीपल में किसानों का हंगामा

## मंडी गेट पर ताला लगाकर की नारेबाजी

**रंणजीत टाईम्स**

**प्रतिनिधी**

कालापीप। कृषि उपज मंडी समिति कालापीपल में सोयाबीन का उचित भाव नहीं मिलने पर किसानों ने हंगामा कर दिया, इसके बाद किसानों ने मंडी गेट पर ताला लगा दिया। सूचना मिलने पर मौके पर प्रशासक तहसीलदार व पुलिस पहुँची। इस दौरान लगभग 4 घंटे तक फसल की नीलामी बंद रही।

सोयाबीन के कम भाव को लेकर किसानों द्वारा पूर्व से ही कई बार ज्ञापन देकर भाव बढ़ाने की मांग की गई थी, लेकिन लगातार अब भी कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य से कम कीमत पर व्यापारियों द्वारा किसानों से सोयाबीन खरीदी जा रही है।

### बीते दिनों सोयाबीन के भाव लगभग 4500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुँच गए थे

लेकिन मंगलवार को जब कृषि उपज मंडी समिति में सोयाबीन की खरीदी की शुरुआत की गई तो सोयाबीन का अधिकतम मूल्य लगभग 4200 रुपए प्रति क्विंटल तक रहा, ऐसे में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जमकर हंगामा कर दिया। दोपहर लगभग 12 बजे किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए गेट बंद कर दिया , वही करीब 3 बजे गेट बंद कर दिया, इसके साथ ही नीलामी व खरीदी हुई सोयाबीन की तुलवाई भी रुकवा दी गई। ऐसे में लगभग चार घंटे तक नीलामी कार्य भी बंद रहा।

### मौके पर कृषि उपज मंडी समिति प्रशासक व तहसीलदार कैलाश सस्त्या, थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत, मंडी सचिव डी एस राजपूत पहुंच गए व किसानों को समझाइस देने की कोशिश की गई

लेकिन किसानों का लगातार हंगामा जारी रहा, शाम लगभग 4:30 बजे मामला शांत हुआ इसके पश्चात कुछ किसानों ने अपनी फसल मंडी में बेची, साथ ही कई किसान बिना विक्रय किये ही अपनी फसल लेकर घर लौट गए।

इस दौरान बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल की मौजूद रहा।